दिन– शनिवार　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 30 / 08 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से।　　　　　　　　　　　अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ कांग्रेस नेता राहुल गांधी के कार्यक्रम में अपमानजनक टिप्पणी के मामले में भाजपा ने पटना सहित राज्य के कई हिस्सों में विरोध प्रदर्शन किया।

02. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ विचार साझा करेंगे।

03. सीवान के पत्रकार राजदेव रंजन हत्याकांड मामले में सीबीआई की विशेष अदालत ने तीन लोगों को दोषी करार दिया। सजा के बिंदु पर फैसला दस सितम्बर को।

04. और, गंगा नदी के जलस्तर में तेजी से बढ़ोतरी के कारण मुंगेर जिले के कई हिस्से बाढ़ की चपेट में आए।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ दरभंगा में अपमानजनक टिप्पणी किये जाने के विरोध में भाजपा ने आज प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर विरोध प्रदर्शन किया। पटना के गांधी मैदान में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने गांधी मूर्ति के पास मौन प्रदर्शन किया। इधर, सीतामढ़ी में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां के बारे में अपशब्द कहकर महागठबंधन के लोगों ने अपनी संस्कृति को प्रदर्शित किया है।

———बाइट———

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने मधुबनी जिले के राजनगर में आज एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों के कार्यक्रम में प्रधानंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ जो अपमानजनक शब्द कहे गए, जनता आगामी विधानसभा चुनाव में उसका हिसाब लेगी।

---

इधर, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा आज भोजपुर के आरा पहुंची। जहां, वीरकुंवर सिंह स्टेडियम में

सभा का आयोजन किया गया। कांग्रेस नेता ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार से शुरू हुई वोटर अधिकार यात्रा पूरे देश की आवाज बनने जा रही है।

---बाइट---

इससे पूर्व सारण के एकमा से शुरू यात्रा के दौरान समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव भी शामिल हुए। राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव, सीपीआई माले के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य, वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी, लालू प्रसाद की पुत्री रोहिणी आचार्य समेत महागठबंधन के कई नेता इस यात्रा में शामिल रहे।

---

राज्य में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत अब तक दो लाख सत्ताईस हजार छह सौ छत्तीस मतदाताओं ने प्रारूप सूची पर दावा–आपत्ति दर्ज करवाई है। वहीं, राजनीतिक दलों में भाकपा–माले की ओर से एक सौ अठारह दावा–आपत्ति दर्ज करवाई गयी है। जबकि राजद की ओर से दस दावा–आपत्ति दर्ज कराई गयी है। अन्य दस मान्यता प्राप्त दलों की ओर से किसी प्रकार की दावा–आपत्ति नहीं की गयी है। मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए तेरह लाख तैंतीस हजार सात सौ तिरानवे नये आवेदन प्राप्त हुये हैं। दावा–आपत्ति के लिए अब केवल दो दिन बचे हैं। इधर, विभिन्न जिला प्रशासन की ओर से मतदान केंद्रों पर तीन दिवसीय विशेष अभियान दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत कल रविवार और परसों सोमवार को भी सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ उपलब्ध रहेंगे और मतदाताओं को दावा–आपत्ति समेत मतदाता सूची से संबंधित अन्य आवश्यक कार्यों में मदद करेंगे।

---

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के तहत दावा–आपत्ति की समय सीमा बढ़ाने के लिए दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में एक सितम्बर को सुनवाई होगी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉय माल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की पीठ ने कल इस मामले की सुनवाई करते हुये एक सितम्बर को अगली तारीख तय की।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ विचार साझा करेंगे। यह इस कार्यक्रम की

एक सौ पच्चीसवीं कड़ी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क पर किया जाएगा। इसके अलावा मन की बात का प्रसारण आकाशवाणी की वेबसाइट तथा न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल एप पर भी उपलब्ध होगा। कार्यक्रम को प्रसार भारती के वेव्स ओटीटी प्लेटफार्म पर भी सुना जा सकता है। मन की बात कार्यक्रम का आकाशवाणी, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारण होगा। इसके तुरंत बाद मैथिली भाषा में इसका प्रसारण आकाशवाणी के दरभंगा केन्द्र से किया जायेगा। इसी प्रसारण को दोबारा रात्रि आठ बजे से भी सुना जा सकता है।

---

उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि एनडीए सरकार राज्य को विकास की नई ऊंचाईयों पर ले जा रही है। कटिहार के कोढ़ा में एनडीए के कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि दो हजार पांच में राज्य में एनडीए सरकार के गठन के बाद ही राज्य की विकास की असली यात्रा शुरू हुई है।

———बाइट———

---

सीबीआई की विशेष अदालत ने सीवान के पत्रकार राजदेव रंजन हत्याकांड मामले में तीन आरोपियों को दोषी करार दिया है। सजा के बिंदु पर फैसला दस सितम्बर को होगा। वहीं, इस मामले में तीन आरोपियों को अदालत ने बरी कर दिया है। सीबीआई ने इस मामले में पूर्व सांसद स्वर्गीय मोहम्मद शहाबुद्दीन समेत आठ लोंगों पर अगस्त दो हजार अठारह में आरोप पत्र दाखिल किया था।

---

भारत का वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद–जीडीपी वर्तमान वित्त वर्ष की अप्रैल–जून तिमाही में सात दशमलव आठ प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। यह पाँच तिमाही में सबसे अधिक है। केन्द्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने अनुमान का स्वागत करते हुए कहा है कि भारत सुधारों से प्रेरित वैश्विक विकास इंजन है। विश्व की सबसे तेजी से बढती अर्थव्यवस्था है और ये आंकडे शानदार हैं।

———बाइट———

हमारी जो अर्थव्यवस्था है, 2014 में टू ट्रिलियन डॉलर की थी, 11वें स्थान पर थे विश्व भर में, हम फिर पांचवें स्थान पर पहुंचे, आज चौथे स्थान पर हैं और कुछ ही समय में हमारी जो अर्थव्यवस्था है जीडीपी विश्व भर में तीसरे स्थान पर आएगी।

---

वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन अब पूर्णिया की जगह अररिया के जोगबनी से किया जाएगा। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोगों की मांग को देखते हुए इसकी स्वीकृति दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पंद्रह सितम्बर को अपने बिहार दौरे के दौरान पूर्णिया में आयोजित कार्यक्रम में इस ट्रेन को हरी झंडी दिखायेंगे।

---

शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉक्टर एस. सिद्धार्थ को बिहार का नया विकास आयुक्त बनाया गया है। उनके स्थान पर सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव बी. राजेन्दर को शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी दी गयी है। उनके पास सामान्य प्रशासन और खेल विभाग के अलावा शिक्षा विभाग का अतिरिक्त प्रभार भी रहेगा। अरविन्द कुमार चौधरी को मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग में अपर मुख्य सचिव बनाया गया है। वहीं, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अध्यक्ष आनंद किशोर को पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के प्रधान सचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। उनके पास वित्त विभाग के प्रधान सचिव का भी पदभार रहेगा।

---

पुरुषों के एशिया कप हॉकी चैंपियनशिप–दो हजार पच्चीस में मलेशिया ने मौजूदा चैंपियन कोरिया को चार–एक से हराकर बड़ा उलटफेर कर दिया। यह दूसरा मुकाबला आज दोपहर बिहार के राजगीर अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में खेला गया। मलेशिया की ओर से अखीमुल्लाह अनवर ने शानदार खेल दिखाते हुए तीन गोल किए और हैट्रिक के साथ मलेशियाई टीम की जीत पक्की की, जबकि अशरान हमसानी ने एक और गोल जोड़कर कोरिया के खिलाफ जीत का अंतर बड़ा किया। इसके जवाब में कोरियाई टीम बेहद कमजोर नजर आई और केवल एक ही गोल कर पाई, जिसे जी. जिन ने दागा। पाँच बार की खिताब विजेता कोरिया को इस चैम्पियनशिप का दावेदार माना जा रहा है।

---

कल कोरिया ने चीनी ताइपे को बड़े अंतर से पराजित किया था। इससे पहले पूल–बी के एक अन्य मुकाबले में बांग्लादेश ने चीनी ताइपे को आठ–तीन से पराजित

कर दिया। बांग्लादेशी खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया और छह में से चार पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने में सफलता हासिल की। अशरफुल इस्लाम, रकीबुल हसन और मोहम्मद अब्दुल्ला ने अपनी टीम के लिए दो–दो गोल किए। कल पूल–ए के मुकाबले में भारत का सामना जापान से होगा। यह मैच दोपहर तीन बजे से शुरू होगा।

---

पड़ोसी राज्य झारखंड और उत्तर प्रदेश में बारिश के कारण प्रदेश से होकर गुजरने वाली गंगा, सोन, गंडक, बूढ़ी गंडक समेत विभिन्न नदियों का जलस्तर बढ़ रहा है। गंगा नदी का जलस्तर पटना के गांधी घाट, मुंगेर, भागलपुर और कहलगांव में लगतार बढ़ा है, जबकि अन्य स्थानों पर खतरे के निशान के ऊपर बना हुआ है। वहीं, सोन नदी का जलस्तर पटना के मनेर में लाल निशान से करीब एक मीटर ऊपर दर्ज किया गया। बूढ़ी गंडक नदी खगड़िया में, गंडक नदी गोपालगंज के डुमरिया घाट में उफान पर है।

---

गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर के कारण मुंगेर जिले के कई पंचायतों में एक बार फिर बाढ़ का संकट गहरा गया है। एक रिपोर्ट––

–––रिपोर्ट–––

गंगा नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी से जिले के सदर प्रखंड के गंगा पार कुतलुपुर पंचायत समेत कई गांव में बाढ़ की स्थिति एक बार फिर उत्पन्न हो गयी है। नदी का जलस्तर खतरे के लाल निशान से मात्र 26 सेंटीमीटर नीचे रह गया है। ये कभी भी खतरे के निशान को पार कर सकता है। कुतलुपुर पंचायत के वार्ड संख्या– छह में भीषण कटाव के कारण भी लोगों को संकट का सामना करना पड़ रहा है। आधा दर्जन से अधिक घर भीषण कटाव से गंगा में विलीन हो चुके हैं। जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पणिकर ने कहा कि खतरे वाले स्थानों में लोगों को घर खाली करने को कहा जा रहा है।

–––बाइट––जिलाधिकारी–––

इधर, बाढ़ का पानी बरियारपुर, धरहरा, जमालपुर, हवेली खड़गपुर और असरगंज के विभिन्न पंचायतों में प्रवेश कर रहा है। बरियापुर में विद्युत सब स्टेशन में पानी प्रवेश करने से बिजली आपूर्ति पर भी प्रभाव पड़ सकता है। आकाशवाणी समाचार के लिए मुंगेर से प्रशांत कुमार सिंह।

---

केंद्रीय संचार ब्यूरो, पटना द्वारा बिहारशरीफ में "विकसित भारत का अमृत काल सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के ग्यारह साल" विषय पर पांच दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है।

---

पटना के गांधी मैदान में चल रहे छब्बीसवें दिव्य कला मेले का समापन कल होगा। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की ओर से आयोजित इस मेले में दिव्यांग कारीगरों द्वारा बनाए गए उत्पादों को प्रदर्शन और विक्रय किया जा रहा है।

---

जहानाबाद जिले के जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने सत्ताईस वर्ष पुराने मामले में एक व्यक्ति को दस साल की सजा सुनाई है। साथ ही पच्चीस हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ कांग्रेस नेता राहुल गांधी के कार्यक्रम में अपमानजनक टिप्पणी के मामले में भाजपा ने पटना सहित राज्य के कई हिस्सों में विरोध प्रदर्शन किया।

02. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ विचार साझा करेंगे।

03. सीवान के पत्रकार राजदेव रंजन हत्याकांड मामले में सीबीआई की विशेष अदालत ने तीन लोगों को दोषी करार दिया। सजा के बिंदु पर फैसला दस सितम्बर को।

04. और, गंगा नदी के जलस्तर में तेजी से बढ़ोतरी के कारण मुंगेर जिले के कई हिस्से बाढ़ की चपेट में आए।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।